# भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड,
# "खनिज भवन" भोपालपानी, देहरादून

संख्याः 2648 / उ0ख0(ईनि)-V / वि0का0ज्ञा0 / भू0खनि0नि0 / 2025–26, दिनांक 06 अगस्त, 2025

## ई–निविदा हेतु आमंत्रण सूचना

उत्तराखण्ड शासन, औद्योगिक विकास अनुभाग–1 की अधिसूचना सख्या 977/VII-A-1/2023-24ख/2007 दिनांक 16 जून, 2023 के द्वारा प्रख्यापित उत्तराखण्ड उप–खनिज (परिहार) नियमावली–2023 के अध्याय–4 के नियम–20 (1), (2) एवं (4) में भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून के कार्यालय ज्ञाप संख्या 4322, दिनांक 08.10.2024, कार्यालय ज्ञाप संख्या 7747, दिनांक 27 मार्च, 2025, कार्यालय ज्ञाप संख्या 4295, दिनांक 07.10.2024, कार्यालय ज्ञाप संख्या 6415, दिनांक 16.01.2025 के द्वारा विज्ञापित किये जाने की प्रदत्त स्वीकृति के क्रम में **जनपद उत्तरकाशी के 11 खनन लॉट, जनपद चमोली के 01 खनन लॉट, जनपद टिहरी गढवाल के 04 खनन लॉट, जनपद रूद्रप्रयाग के 01 खनन लॉट, जनपद पौडी गढवाल के 03 खनन लॉट, जनपद पिथौरागढ़ के 01 खनन लॉट, जनपद बागेश्वर के 01 खनन लॉट, जनपद नैनीताल के 03 खनन लॉट, जनपद चम्पावत के 01 खनन लॉट अर्थात 26 खनन लॉट** में पुर्ननिविदा, कार्यालय ज्ञाप संख्या 2563, दिनांक 22.08.2023, 4842, दिनांक 15.12.2023 के द्वारा पूर्व में विज्ञापित लॉटों में से 02 लॉट यथा जनपद उत्तरकाशी के 01 लॉट, जनपद देहरादून के 01 लॉट, जिनमें आशयपत्रधारकों द्वारा आशय पत्रों की अनुपालना न किये जाने कारण आशय पत्र को निरस्त किया गया है एवं कार्यालय ज्ञाप संख्या 2639, दिनांक 06.08.2025 के द्वारा विज्ञापित **जनपद उत्तरकाशी के 06, जनपद पिथौरागढ़ के 02, जनपद देहरादून के 01 व जनपद नैनीताल के 01, कुल 12 लॉटों में प्रथम बार एवं 26 लॉटों में पुर्ननिविदा, इस प्रकार कुल 38 लॉटों** हेतु नियमावली के नियम–20(2) के प्रावधानानुसार राज्य के मूल निवासी/निवासियों की समितियों/फर्म/कम्पनियों को 05 वर्ष की अवधि हेतु ई–निविदा (E-Tender) के माध्यम से आवंटन के लिए तकनीकी निविदा (Technical bid) एवं वित्तीय निविदा (Financial Bid) इच्छुक बोलीदाताओं से Online आमंत्रित की जाती हैः–

| | |
|---|---|
| विज्ञापन प्रकाशन की तिथि | दिनांक 07.08.2025 (गुरूवार) |
| uktenders.gov.in पर निविदा अपलोड की तिथि | दिनांक 08.08.2025 (शुक्रवार) |
| uktenders.gov.in से निविदा डाउनलोड/बिक्री आरम्भ करने की तिथि | दिनांक 08.08.2025 (शुक्रवार) |
| ऑनलाइन ई–निविदा जमा करने हेतु आरम्भ तिथि | दिनांक 11.08.2025 (सोमवार) को प्रातः 10.00 बजे से |
| ऑनलाइन ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | दिनांक 27.08.2025 (बुधवार) को सांय 5.00 बजे तक |
| तकनीकी निविदा खोलने तथा ई–निविदा के परीक्षण/मूल्याकंन आरम्भ किये जाने की तिथि एंव समय | दिनांक 28.08.2025 (गुरूवार) पूर्वाह्न 12.00 बजे से |
| समिति द्वारा तकनीकी निविदा के परीक्षण/मूल्यांकन के उपरान्त सफल निविदादाताओं की सूची वैबसाइट www.uktenders.gov.in में अपलोड करते हुये वित्तीय निविदा खोलने की तिथि एवं समय की घोषणा की जायेगी एवं तदनुसार परिणाम उक्त वेबसाईट पर अपलोड किया जायेगा। | |

समस्त प्रतिभागी निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि निविदित खनन लॉट एवं निविदा की प्रक्रिया का विस्तृत विवरण तकनीकी निविदा (Technical Bid) तथा वित्तीय निविदा (Financial Bid) प्रपत्र में किया गया है। उक्त निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, रायपुर–थानो रोड़, भोपालपानी, देहरादून से तथा राज्य सरकार की वेबसाईट uktenders.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट dgm.uk.gov.in से डाउनलोड कर भी प्राप्त किया जा सकता है, जिस हेतु रू0 20,000.00 (बीस हजार मात्र) विभागीय लेखाशीर्षक 0853–00–800–01–01 में + उक्त धनराशि का 18% GST का डिमाण्ड ड्राफ्ट **निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय** के पक्ष में पृथक से जमा कराते हुए जमा चालान एवं डिमाण्ड ड्राफ्ट की प्रति निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि से पूर्व मूल में निदेशालय में जमा कराई जानी आवश्यक होगी। निविदा प्रपत्र क्रय किये जाने हेतु जमा चालान एवं डिमाण्ड ड्राफ्ट की प्रति तकनीकी निविदा (Technical Bid) के साथ भी अपलोड की जानी आवश्यक होगी। सभी निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि उक्तानुसार निविदा प्रपत्र प्राप्त कर उसका भली भांति अध्ययन करने के उपरान्त ही निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। अस्पष्ट एवं अपूर्ण निविदा प्रपत्रों/आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**नोट– जिन प्रतिभागी निविदाताओं के द्वारा पूर्व में उपरोक्त 26 पुर्ननिविदा (Re-Tender) हेतु निविदित लॉटों की ई–निविदा में प्रतिभाग किया गया है, के द्वारा जिस लॉट के सापेक्ष जो आवेदन शुल्क जमा किया गया, को पुनः उक्त लॉट हेतु प्रयुक्त किया जा सकेगा तथा निविदा प्रपत्र शुल्क नवीन चालान के माध्यम से एवं 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 का बैक ड्राफ्ट पृथक से पुनः जमा किया जायेगा। आवेदन शुल्क (रू0 एक लाख) को किसी दूसरे लॉट में प्रयुक्त किये जाने पर ऐसी निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा तथा उक्तानुसार निविदा निरस्त कर दी जायेगी।**

06/8/25

(राजपाल लेघा)
निदेशक